TWITTER – 11-09-2024

KN Live 24
@knlive24

कन्नौज ब्रेकिंग - जमीनी विवाद में दबंगो का पिता पुत्र पर हमला

लाठी डंडो से हमला करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

पीड़ित का आरोप पिटने के बाद भी पुलिस ने दर्ज किया क्रॉस मुकदमा

पीड़ित ने वीडियो दे एसपी लगायी न्याय की गुहार

सकरावा थाना क्षेत्र के नगला धरमई गांव का मामला।

नोटः– सोशल मीडिया सेल जनपद कन्नौज द्वारा अवगत कराया गया कि दिनांक 21.07.2024 को समय करीब 18.30 बजे ग्राम धरमई थाना सकरावा के दो पक्षों में जमीनी कब्जा करने को लेकर लडाई झगडा व मारपीट हुई थी। जिसमें प्रथम पक्ष कैलाश चन्द्र पुत्र ओम प्रकाश प्रजापति निवासी ग्राम धरमई थाना सकरावा जनपद कन्नौज की लिखित तहरीर व वीडियो रिकार्डिग के आधार पर दिनाँक 22.07.2024 को थाना सकरावा पर मु0अ0सं0 109/2024 धारा 191(2)/191(3)/115(2)/352/351/(3)/324(4)/333 बीएनएस बनाम अरुण यादव उर्फ पिन्टू पुत्र रामेश्वर दयाल आदि 08 नफऱ के विरुद्ध पंजीकृत किया गया तथा द्वितीय पक्ष के अनुज कुमार उर्फ दुर्वेश कुमार पुत्र रामेश्वर दयाल निवासी ग्राम नगला धरमई थाना सकरावा जनपद कन्नौज की लिखित तहरीर व वीडियो रिकार्डिग के आधार पर दिनाँक 23.07.2024 को थाना सकरावा पर मु0अ0सं0 110/2024 धारा 191(2)/191(3)/131/115(2)/352/351/(3)/324(4) बीएनएस बनाम कैलाश चन्द्र पुत्र ओम प्रकाश प्रजापति आदि 05 नफर अभि0 के विरुद्ध पंजीकृत किया गया ।

उल्लेखनीय है कि उक्त जमीन द्वितीय पक्ष के परिवार के अतर सिंह व अमर सिंह पुत्रगण जंगी सिंह ने अपने हिस्से की आधी जमीन दिनाँक 28/01/2004 को बांके लाल पुत्र कल्याण पाल निवासी बोसिया थाना सौरिख जनपद कन्नौज को बेची थी तथा दिनाँक 03/01/2024 को बांके लाल ने प्रथम पक्ष के कैलाश चन्द्र प्रजापति को यह जमीन बेच दी थी। कैलाश सड़क किनारे अपना हिस्सा लेना चाहता था जिसे लेकर दोनों पक्षों में दिनाँक 21/07/2024 को झगड़ा व मारपीट हुई थी। 24.07.2024 को 126/135 BNSS की कार्यवाही की जा चुकी है। प्रथम पक्ष प्रजापति व द्वितीय पक्ष यादव जाति के हैं।